हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च 2026

04 घटस्थापना, महाआरती और विशेष श्रृंगार के...



07 जनपद के विकास में लगेंगे पंख, रक्षा विभाग...





**खबर संक्षेप में**



## दक्ष पाटीदार का नवोदय में हुआ चयन

**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम धान्याखेड़ी के छात्र दक्ष पिता नंदकिशोर पाटीदार का नवोदय स्कूल में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। ग्राम का यह पहला छात्र है जिसका नवोदय में चयन हुआ है। तहसील के ग्राम धान्याखेड़ी के दक्ष पाटीदार पहले छात्र है जिनका नवोदय में प्रवेश हुआ है। जिसे लेकर ग्राम में हर्ष व्याप्त है। दक्ष की इस उपलब्धि पर परिजनों के साथ ही ग्रामवासियों द्वारा पुष्पहारों से स्वागत कर मुँह मीठा करवाया गया। दक्ष की यह उपलब्धि ग्राम के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है।

हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा मनाया गया

## गुड़ी के साथ भ्रमण कर नववर्ष का स्वागत किया



**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समस्त आचार्य परिवार द्वारा सूर्य देवता को अर्घ्य दिया गया। प्राचार्य ईश्वर सोलंकी की अध्यक्षता में मुख्य वक्ता गोविंद वेदिया द्वारा हिन्दू नववर्ष के महत्व को बताकर कहा कि इसी दिन ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना की गई। इसी दिन संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी है तथा भारत की प्राचीन काल गणना को समझाया। तत्पश्चात गुड़ी पूजन कर समस्त आचार्य परिवार द्वारा गुड़ी के साथ नगर में भ्रमण किया गया। इस दौरान नगरवासियों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी गई। शिवाजी चौराहा पर कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन जगदीश राठौर तथा आभार प्रधानाचार्य अशोक प्रजापति ने माना।

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान 22 को बुधनी आएंगे

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 मार्च को दोपहर 12:30 बजे बुधनी पहुंचेंगे और सीएफएमटीटी में आयोजित कृषि मशीनरी मेले के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 5:15 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।





प्रतिदिन हजारों भक्तों द्वारा लिया जाएगा भंडारे का लाभ।

# कन्या पूजन के साथ माता रानी को लगा छप्पन भोग



## पीतांबरा शक्ति पीठ बगलामुखी मंदिर पर निःशुल्क भंडारे का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा स्थल पर चैत्र नवरात्रि के दौरान संचालित होने वाले निःशुल्क भंडारे का शुभारंभ गुरुवार को कन्या पूजन तथा माता रानी को छप्पन भोग लगाने के साथ हुआ।

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ बगलामुखी मंदिर पर वर्ष की दोनों नवरात्रि पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा निःशुल्क भंडारा संचालित किया जाता है। गुरुवार को नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रातः 10.30 बजे माँ बगलामुखी को छप्पन भोग लगाने के बाद भंडारा परिसर में कन्या पूजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगर की कन्याओं द्वारा भाग लिया गया। उसके पश्चात निशुल्क भंडारा प्रारम्भ हुआ।

### माता रानी को 56 भोग लगाया

चैत्रीय नवरात्रि के प्रथम दिन पीताम्बरा सेवा समिति के द्वारा माता रानी को 56 भोग लगाया। पीताम्बरा सेवा समिति के सदस्य ढ़ोल-ढ़माकों के साथ माता रानी के जयकारे लगाते हुए हाथों में 56 तरह के विविध पकवान लिए चल रहे थे। सभी सदस्य माता मंदिर पहुचे जहा पर माता रानी के समक्ष गुड़ी पड़वा व चैत्रीय नवरात्रि के प्रथम दिन 56 भोग लगाया गया। जहाँ से प्रसादी को भंडारे के भोग में समायोजित कर भक्तो को प्रसादी के रूप में ग्रहण करवाया। मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा माता रानी को 56 भोग लगाकर आरती की गई।

### कन्या पूजन से किया भंडारे का शुभारंभ

पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा चैत्रीय नवरात्रि के प्रथम दिन भंडारा स्थल पर गुरुवार को सैकड़ो कन्याओं का पाद पक्षालन व कुमकुम लगाकर पूजन किया गया तथा भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारा स्थल पर चैत्रीय नवरात्रि के प्रथम दिन प्रातःकाल मे हवन अनुष्ठान कर पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा नगर की सैकड़ो कन्याओं का पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां बाहर से आए श्रद्धालुओ के साथ हजारों भक्तो द्वारा महाप्रसादी का लाभ लिया गया। समिति के सदस्यों द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिन के भंडारे के लाभार्थी बाजरगान परिवार के सदस्यों का स्वागत कर सम्मान किया गया।



## नवरात्रि के प्रथम दिन मां बगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शनार्थी

**नलखेड़ा।** नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर चैत्रीय नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। यहां पहुंचने वाले भक्त माता रानी के चरणों में अपनी श्रद्धा व आस्था प्रकट कर रहे थे। मंदिर समिति तथा प्रशासन द्वारा गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह बंद कर रखा है। भक्तगण त्रिशूल मंडपम से ही माता रानी के दर्शन कर रहे हैं। नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर नवरात्रि पर्व के दौरान प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त पहुंचे। जिनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हवन अनुष्ठान भी करवाए गए। जिसके चलते मंदिर परिसर मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिवस माता रानी का पीताम्बरा स्वर्ण श्रृंगार किया गया था जिसमे माता रानी की अलौकिकता कई गुणा बढ़ रही थी।

### आरती के दौरान भक्ति में झूम रहे भक्त

चैत्रीय नवरात्रि के प्रथम दिवस विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर मंगला व संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर भक्ति में झूम रहे थे। नवरात्रि के प्रथम दिन माँ बगलामुखी मंदिर पर मातारानी की प्रातः 6 बजे मंगला आरती व सायं 7.30 बजे संध्याकालीन आरती में शामिल होकर बड़ी संख्या में भक्तों ने धर्म लाभ प्राप्त किया। आरती के दौरान बजने वाले घंटे, घड़ियाल व ढोल-ढमाकों की ध्वनि पर भक्त भाव विभोर होकर झूम रहे थे। आरती के पश्चात देर तक माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा।



## मां चामुंडा की प्रतिमा दिन में तीन स्वरूप बदलती है



**नलखेड़ा।** नलखेडा नगर प्राचीन देव स्थानों के लिए प्रसिद्ध है। पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी के नाम से इस नगर की ख्याति देश -विदेश में भी फैल रही है। नगर में मां चामुंडा का मंदिर भी है जहां स्थित प्रतिमा दिन में तीन स्वरूप बदलती है। नवरात्रि के इन दिनों में भक्तों की आस्था इन देवी स्थान पर उमडती दिखाई दे रही है। नगर के मध्य स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के अहाते में मां चामुंडा देवी का अति प्राचीन मंदिर स्थापित है। माना जाता है कि यह विराजित माता की मूर्ति दिन में तीन स्वरूप बदलती है नवरात्रि के दिनों में यहां विशिष्ट हवन-अनुष्ठान के आयोजन भक्तों द्वारा किए जाते हैं। ग्वालियर रियासत काल में मां की मूर्ति के समक्ष पशु बलि चढ़ाई जाती थी। जो वर्तमान में बंद हो गई है। मां चामुंडा के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने की मन्नत मां के समक्ष मानते हैं तथा मन्नत पूर्ण होने पर विशेष श्रृंगार व प्रसादी आदि की भेंट चढ़ाते हैं। नगर का अति प्राचीन व चमत्कारी स्थल शासन की उपेक्षा व आर्थिक मदद न मिलने से भक्तों द्वारा ही इस स्थान पर निर्माण कार्य करवाया गया है।

## नवरात्रि पर्व पर माता के विभिन्न रूपों का किया मनोहारी श्रृंगार



**नलखेड़ा।** नगर का प्राचीन एवं चमत्कारी देवस्थान अलीजा बहादुर मंदिर में विराजित माता प्रतिमाओं का चैत्रीय नवरात्रि पर्व के दौरान मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार किया गया है। पर्व के दौरान यहां पर भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचेंगे। मान्यता है कि माता अपने भक्तों की हर मुराद पूरी करती है। नगर के चमत्कारी स्थल अलीजा राज बहादुर खांडेराव महाराज देव स्थान पर स्थापित मां कालिका व हिंगलाज माता, तारादेवी, मंशा देवी ,नागदेवी, नागणेची माता की मनमोहक प्रतिमाओं का नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर के मुख्य सेवक बालचंद राठौर दादा के द्वारा आकर्षक रुप से श्रृंगारित किया गया है। जिसके दर्शन हेतु बडी संख्या में भक्त इस स्थान पर पहुंच रहे हैं। जिनके द्वारा अपने विभिन्न कष्टों के निवारण के लिए मां के दरबार में हाजरी लगाई जा रही है। मातारानी उनके कष्टों का हरण कर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करने का आशीर्वाद प्रदान कर रही है।

## विक्रमादित्य नाट्य मंचन एवं सूर्य उपासना, हिंदू नववर्ष पर दी शुभकामनाएं

**नलखेड़ा।** हिंदू नववर्ष के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सामुदायिक भवन, कंपनी गार्डन आगर में सम्राट विक्रमादित्य मंचन नाटिका एवं सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नाट्य मंचन के माध्यम से कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया गया, वहीं सूर्य उपासना के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपरा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रीति यादव, सीईओ जिला पंचायत बी एस सोलंकी, अपर कलेक्टर आर.पी. वर्मा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश परमार, विधायक प्रतिनिधि अशोक प्रजापत, हरि नारायण यादव, पार्षद नारू नरवाल, एसडीएम मिलिंद ढोके, एडिशनल एसपी रविंद्र कुमार बोयट, कृषि विभाग के विजय चौरसिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के राजीव गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भैरूसिंह चौहान ने कहा कि आज विक्रम संवत के अनुसार नववर्ष का शुभारंभ हुआ है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों द्वारा पंचांग के माध्यम से सूर्य एवं चंद्र ग्रहण सहित विभिन्न पर्व-त्योहारों की गणना की जाती थी, जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों को हिंदू नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सांसद प्रतिनिधि दिनेश परमार ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेशभर में विक्रम महोत्सव एवं सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित कर उन्होंने गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नववर्ष के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं।

ईरान-इजराइल युद्ध का असर अब आम आदमी की रसोई तक पहुंचा

# त्यौहारों पर ‘गैस संकट’ का साया, रसोई की चिंता के बीच मनेगी नवरात्रि और ईद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में खुशियों के त्योहारों की दस्तक हो चुकी है, लेकिन इस बार आमजन के चेहरों पर उल्लास के साथ-साथ चिंता की लकीरें भी साफ दिखाई दे रही हैं। एक ओर जहां आज 19 मार्च से शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि शुरू हो रहा है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज का पवित्र त्योहार ईद भी ठीक एक दिन बाद मनाया जाएगा। इन दो बड़े त्योहारों के बीच जिले में गहराया रसोई गैस संकट उत्सव के रंग में भंग डालता नजर आ रहा है।

जिला मुख्यालय पर स्थित तीनों प्रमुख गैस एजेंसी मछलीपुल स्थित मेहमूद हुसैन, लीसा टॉकीज के पास बग्गा एजेंसी और तहसील चौराहा स्थित तत्पर गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। आलम यह है कि सुबह होते ही लोग ऑफलाइन नंबर लगाने के लिए लंबी कतारों में खड़े हो रहे हैं। बुधवार को भी शहर की इन




तीनों ही एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखी गई। लोग हाथों में खाली सिलेंडर और डायरी लेकर घंटों अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, ताकि त्योहार पर घर का चूल्हा जलता रहे।

### प्रशासन के दावों पर सवालिया निशान

हैरानी की बात यह है कि जिला प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।


लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि प्रशासन के दावे सच हैं तो फिर गैस एजेंसियों पर यह अफरा तफरी क्यों मची है। आम नागरिकों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी हफ्तों तक सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते उन्हें मजबूरन काम-धंधा छोडक़र सुबह से कतारों में लगना पड़ रहा है।

### किचन तक पहुंची ईरान-इजराइल युद्ध की तपिश

वैश्विक स्तर पर चल रहे ईरान-इजराइल युद्ध की तपिश अब सीधे तौर पर जिले के मध्यम और गरीब परिवारों की रसोई तक पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की अस्थिरता का सीधा असर स्थानीय स्तर पर वितरण श्रृंखला पर पड़ा है। इस संकट ने आमजन में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। त्योहारों के समय जब घरों में पकवान बनने चाहिए, तब गृहिणियां इस बात को लेकर चिंतित हैं कि सिलेंडर खत्म होने पर विकल्प क्या होगा।

### धार्मिक उत्साह पर भारी पड़ती गैस की कमी

आज से शुरू हो रही नवरात्रि के अवसर पर घरों में फलाहार और विशेष भोग तैयार किए जाते हैं। वहीं ईद के मौके पर सिवइयों और अन्य व्यंजनों की खुशबू से घर महकते हैं। लेकिन गैस की किल्लत ने इन तैयारियों को सीमित कर दिया है। बता दें यदि समय रहते आपूर्ति पर ध्यान नहीं दिया गया तो लोगों की खुशियां कतारों में ही बीत जाएंगी।



## दाऊदी बोहरा समाज ने ईद पर सामूहिक नमाज अताकर मुल्क में अमन-शांति की दुआएं मांगी

**नलखेड़ा।** दाऊदी बोहरा समाज द्वारा पवित्र रमजान माह के पूर्ण होने पर ईद का त्यौहार बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर समाजजनों ने बोहरा मस्जिद में एकत्रित होकर ईद की सामूहिक नमाज़ अदा की और मुल्क व कौम की सलामती के लिए दुआएं मांगीं। नमाज़ के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।



## खबर संक्षेप

### प्रियंका बनीं सहायक प्रधानाध्यापक



**भौरासा।** नगर से लगे ग्राम पोलाय जागीर की रहने वाली बेटी प्रियंका यादव का सहायक प्रधानाध्यापक के पद पर चयन हुआ है। जानकारी अनुसार क्षेत्र के माध्यमिक स्कूल में कार्यरत अध्यापक राजेंद्र सिंह यादव की बेटी प्रियंका यादव ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा 2022 में सफलता अजिर्त की है। प्रियंका का सहायक प्रधानाध्यक के लिए चयन हुआ है। इस सफलता का श्रेय प्रियंका ने अपने अध्यापक पिता राजेंद्रसिंह यादव को दिया और कहा कि पिता का मार्गदर्शन और पूरे परिवार का सहयोग मिला। कड़ी मेहनत कर मंजिल हासिल की। प्रियंका की सफलता पर क्षेत्र के वरिष्ठजनों ओर राजनीतिकारों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

### रुक्मा बाई को दी श्रद्धांजलि



**भौरासा।** नगर के शिवनारायण कुंभकार की पत्नी, सोम सूरज की माता रुक्मा बाई का पिछले दिनों निधन हो गया जिनकी आत्मशांति हेतु नगर के गणमान्यजनों ने पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल,पूर्व न.प. अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल, नरेंद्र माली, मनोज शुक्ला, अभय नागर, मनोज जोशी, प्रदीप मंत्री आदि नगर के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नरवाई जलाए जाने पर अर्थदंड की कार्रवाई

**देवास।** जिले में रबी फसलों विशेषकर गेहूं की कटाई का सीजन शुरू होते ही नरवाई जलाने की घटनाओं के नियंत्रण के लिए प्रशासन ने रणनीति तैयार की है। हार्वेस्टर से गेहूं काटने के बाद स्ट्रारीपर से भूसा बनाएं, इसके बाद रोटावेटर चलाकर नरवाई को भूमि में मिलाएं और बायो डी कम्पोजर का नरवाई के ऊपर छिड़काव करने से नरवाई खेत में ही सड़ गल जाएगी।उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि सेटेलाइट द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की मानिटरिंग की जा रही है।

### नववर्ष संग नवरात्रि का शुभारंभ: माता टेकरी पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# घटस्थापना, महाआरती और विशेष श्रृंगार के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने किए माता चामुंडा व तुलजा भवानी के दर्शन







### गुड़ी पड़वा पर तिलक, अर्घ्य और प्रसाद वितरण के साथ मनाया गया हिन्दू नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

धर्म, परंपरा और आस्था के संगम के साथ हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। नवसंवत्सर के पहले ही दिन माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त माता चामुंडा और माता तुलजा भवानी के दर्शन के लिए पहुंचने लगे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नवरात्रि की शुरुआत विधि-विधान से घटस्थापना के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई, जिससे टेकरी परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से गूंज उठा। शाम को महाआरती और भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु प्रतिदिन भक्ति में सराबोर नजर आएंगे। वहीं, गुड़ी पड़वा के अवसर पर पूरे शहर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। घर-घर में गुड़ी स्थापना कर समृद्धि और विजय का प्रतीक स्थापित किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर और गुड़-धनिया खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

#### टेकरी पर विशेष सजावट और पूजा-अर्चना

माता टेकरी स्थित बड़ी माता मंदिर में पुजारी मुकेश नाथ एवं छोटी माता मंदिर में पुजारी योगेंद्र द्वारा विधिवत पूजा कर नवरात्रि का शुभारंभ किया गया। दोनों मंदिरों में माताओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया और विशेष सजावट की गई। पहले दिन देर शाम तक इंदौर और भोपाल सहित आसपास के शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई गई है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। गर्मी से राहत के लिए परिक्रमा मार्ग पर पानी की व्यवस्था, कारपेट बिछाने और छाया के लिए टेंट लगाए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर सीढ़ी मार्ग और रपट मार्ग पर सघन जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात है, जिसमें डॉक्टर, एंबुलेंस, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर और दमकल सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं।

#### कलेक्टर, एसपी ने परिवार सहित किए दर्शन



कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोद ने अपने परिवार के साथ माता टेकरी पहुंचकर मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन किए तथा जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। नवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिससे पूरा देवास इन दिनों भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर हिन्दू नववर्ष और गुड़ी पड़वा का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया गया। मराठी परिवारों ने घरों के बाहर गुड़ी बांधकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव मनाया और विशेष पकवान तैयार किए।

#### मंगल तिलक लगाकर मनाया नववर्ष

भाजपा, कांग्रेस विभिन्न संगठनों द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर राहगीरों और वाहन चालकों को मंगल तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। सिविल लाइन चौराहे और सयाजीद्वार पर विशेष आयोजन हुए, जहां लोगों को तिलक लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। सेन महाराज उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में सनातनी बंधुओं ने सामूहिक पूजन कर नववर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को श्रीखंड का प्रसाद वितरित किया गया।

## श्री शिलनाथ धुनी संस्थान में समाधि महापर्व धूमधाम से संपन्न, सैकड़ों भक्त हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर स्थित श्री शिलनाथ धुनी संस्थान में सदगुरु श्री योगेंद्र शिलनाथ महाराज का समाधि महापर्व 17 एवं 18 मार्च को दो दिवसीय आयोजन के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। संस्थान के प्रबंधक दिलीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 6 बजे महाराज जी की प्रतिमा का विधिवत अभिषेक एवं पूजन किया गया। इसके पश्चात काकड़ आरती आयोजित हुई। शाम 5:55 बजे महाआरती सम्पन्न हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाआरती के बाद शाम 7 बजे सदगुरु श्री शिलनाथ महाराज की भव्य शोभायात्रा रथ पर विराजित होकर नगर भ्रमण के लिए निकली, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और भक्ति भाव से जयकारे लगाए। दूसरे दिन 18 मार्च को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर ट्रस्ट के भगवान सिंह चावड़ा, महेंद्र पडियार, राजेंद्र महंत, शरद पाचुनकर, दिनेश बैरागी, परमानंद द्विवेदी, शैलेंद्र, सुभाष यादव, अर्जुन चौधरी, निलेश वर्मा सहित सैकड़ों भक्त



उपस्थित रहे। दो दिवसीय महोत्सव में सेवा समिति के मंथन पडियार, प्रमोद चौहान, चेतन पवार, उमेश चौहान, दिव्यांशु, जय राव, पंडित उपाध्याय, जय सिंह एवं जीवन सिंह सोनगरा का विशेष सहयोग रहा। अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत भल्ला, भगवान सिंह चावड़ा, राजेंद्र महंत एवं महेंद्र पडियार ने सभी भक्तों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रांत अध्यक्ष का किया स्वागत



**चापडा।** मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रान्ताध्यक्ष शंकर सिह ठाकुर का छिंदवाडा से इन्दौर प्रवास के दौरान चापडा में कर्मचारी संघ के नन्दकिशोर मोहवाल, अनिल जोशी तथा अन्य कर्मचारियों ने पुष्प माला से स्वागत किया और कर्मचारियो की मांगो को लेकर चर्चा की। ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है। नियमित स्वास्थ्य कर्मचारी (जैसे एएनएम, नर्स, डॉक्टर) कार्यभार की अधिकता, मानसिक तनाव, संसाधनों की कमी, और पदोन्नति में देरी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। कार्यस्थल पर कर्मचारियों की कमी के कारण ड्यूटी के घंटे बहुत अधिक होते हैं, जिससे तनाव और थकान की समस्या बढ़ रही है। इस दौरान संदीप सिसोदिया, मेहरू वास्केल, राधेश्याम चौहान, राजेश यादव आदि मौजूद रहे ।

### फायर सेफ्टी व वेस्ट मैनेजमेंट की हुई कार्यशाला



**देवास।** नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा फायर सेफ्टी एवं वेस्ट मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यशालाओं आयोजित की। कार्यशाला के दौरान ट्रेनर विशाल जोशी व अरुण तोमर द्वारा ए.एस.बी इन्फोटेक कंपनी के कर्मचारियों को आग से बचाव के आधुनिक तरीकों, अग्नि शमन यंत्रों के संचालन और अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान के बारे में शिक्षित करना है। ये कार्यशालाएं कार्यस्थल पर सुरक्षा जोखिमों को कम करने और आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद करती हैं।कार्यशाला के दौरान कार्यस्थल पर फायर सेफ्टी अग्निशामक यंत्रों का सही उपयोग, निकासी योजना, आपातकालीन रिस्पांस और बचाव के साधन के साथ वेस्ट मैनेजमेंट कचरे का उचित प्रबंधन, खतरनाक अपशिष्ट का सुरक्षित भंडारण और निपटान, जो आग के खतरों को कम करता है।कार्यशाला में मॉक ड्रिल और रिफ्रेशर रूल पर विस्तृत बताया समझाया गया, जो सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं।

## घर में घुसकर दबंगई करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

शरारती तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही संबंधित अभियान अंतर्गत एएसपी सौम्या जैन एवं एसडीओपी संजय सिंह बैंस के मार्गदर्शन में क्षेत्र की पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

इसी क्रम मे युवती के घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ एवं गाली गलौच करने करने वाले आरोपी भूरे सिंह पिता मोहनलाल प्रजापति उम्र 36 साल निवासी ग्राम धारुखेड़ी भौरासा को कमलापुर पुलिस ने महज 48 घंटो में गिरफ्तार कर किया।17 मार्च को आरोपी भूरे सिंह प्रजापत के विरुद्ध तलाक के पश्चात अलग होकर अपने माता-पिता के घर ग्राम इस्माइल खेड़ी रह



रही युवती द्वारा शिकायत की गई थी कि वह घर पर अकेली थी और उसका पूर्व पति भूरे सिंह प्रजापत गाली गलौज करते हुए दबंगई के साथ घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट की। घटना उपरांत थाना कमलापुर पर अपराध पंजीवद्द कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी भूरे सिंह प्रजापत की लगातार तलाश की गई। इसके उपरांत गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना कमलापुर के प्र.आर. राजेंद्र शर्मा, कोर्ट मुंशी आरक्षक लोकेश मेहरा, आरक्षक विवेक गांगे की महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय भूमिका रही।

## नर्मदा परिक्रमा यात्री का किया आत्मीय अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

नगर के युवा पीयूष गुप्ता व सुमित खुबानी द्वारा स्वप्रेरणा से 3 हजार किलोमीटर से अधिक की परिक्रमा 111 दिन में पूर्ण कर नगर में आगमन हुआ। इस अवसर पर कालिका मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से नागर चित्तौड़ा धर्मशाला तक स्वागत यात्रा का निकाली गई। अभिभाषक संघ, जलेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति बरझाई,



अभिव्यक्ति मंच, शिक्षक संघ,अली अखाड़ा, नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी, व्यापारी संघ,जैन समाज, बोहरा समाज, राठौर समाज आदि द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया।मुख्य समारोह नागर चित्तौड़ा धर्मशाला में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अवसर पर प्रवीण चौधरी, सैयद कासम अली,शोभा गोस्वामी, सुर्य प्रकाश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अनुराग गुप्ता, श्यामा तोमर, सरोज जौहरी, जितेन्द्र चावड़ा आदि ने सफल धार्मिक यात्रा पर बधाई दी। समारोह का संचालन वारिस अली ने किया तथा आभार कैलाश गुप्ता ने माना।

### खाकी में आध्यात्मिक शांति का संचार: औद्योगिक थाने पहुंचे विश्वविख्यात दाजी

# 30 मिनट ध्यान कठिन ड्यूटी के लिए मानसिक कवच: दाजी






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस के लिए चैत्र नवरात्र पहला दिन गुरुवार विशेष और प्रेरणादायक रहा, जब विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु कमलेश डी. पटेल 'दाजी' पहली बार थाना औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे। उनके आगमन ने खाकी वर्दी में सेवा दे रहे पुलिसकर्मियों के भीतर एक नई ऊर्जा और मानसिक संतुलन का संचार किया।यह आयोजन पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना एवं पुलिस महानिरीक्षक रुचि वर्धन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वहीं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल एवं थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के समन्वय से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।फरवरी 2025 में मध्यप्रदेश पुलिस और हार्टफुलनेस संस्थान के बीच हुए ऐतिहासिक एमओयू के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह आयोजन विशेष महत्व का रहा। इस पहल के अंतर्गत प्रदेश के सभी थानों में प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे ध्यान और तनावमुक्ति सत्र आयोजित किए जाते हैं।दाजी ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए बताया कि सप्ताह में 30 मिनट का ध्यान पूरे सप्ताह की ड्यूटी के लिए मानसिक कवच का कार्य करता है। उन्होंने गहन मेडिटेशन सत्र के माध्यम से उपस्थित पुलिस बल को मानसिक संतुलन, भावनात्मक नियंत्रण और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के गुर सिखाए। कार्यक्रम के दौरान दाजी ने पुलिसकर्मियों से संवाद कर उन्हें जीवन में शांति, संयम और सहानुभूति के महत्व को समझाया। कहा कि जब पुलिस भीतर से शांत होंगे, तभी वे जनता की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। इस अवसर पर थाना परिसर में पौधारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और आंतरिक शांति के बीच गहरे संबंध का प्रतीक बना।

## वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर विक्रमोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर गुरुवार को विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर में किया गया।

इस अवसर पर एडमायर सोसाइटी फॉर थियेटर कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी भोपाल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक स्वरूप में सम्राट विक्रमादित्य केंद्रित नाट्य का मंचन किया गया। सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत नगर के प्रमुख मंदिरों एवं स्थलों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किए गए।

कार्यक्रम में महापौर गीता अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, परियोजना अधिकारी एवं आयोजन की नोडल स्मिता रावल, उपायुक्त आरती खेड़कर एवं जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण तथा नागरिकगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जय माता दी, झालर और घंटे की आवाज से मंदिर गूंजे

**ललितपुर।** चैत्र माह की नवरात्रि गुरुवार से शुरू हो गई है। ललितपुर के प्रसिद्ध प्राचीन मंदिरों में सुबह-सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। नवरात्रि के पहले दिन का उत्साह शहर भर में छाया हुआ है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। सुबह करीब 4 बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन किए और निर्जल व्रत रखकर उनकी उपासना की। भक्तों ने मां से मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की। मंदिर के पुजारी प्रकाश पंडा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा की श्रद्धा और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### ब्यूटीशियन और बुटीक का निशुल्क प्रशिक्षण आवेदन आमंत्रित

**ललितपुर।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा जिले के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने बताया कि यूपिको लखनऊ के माध्यम से युवाओं को चार माह का ब्यूटीशियन कम बुटीक ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना का लक्ष्य युवाओं में छिपे कौशल को विकसित कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। इस ट्रेड की विशेषता यह है कि यह ग्राहकों को एक ही छत के नीचे ब्यूटी और फैशन (मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, स्किन केयर और कपड़ों की सिलाई-डिजाइनिंग) की सुविधा प्रदान करता है, जिसे प्रशिक्षार्थी बहुत कम बजट में अपने घर से भी शुरू कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत चयन के लिए निम्नलिखित मापदंड निर्धारित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### पुरानी रंजिश में दंपती के साथ मारपीट की

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रोडा में पुरानी रंजिश को लेकर एक दंपती के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रोडा निवासी संतोष पुत्र भमुन्ते ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 18 मार्च 2026 की सुबह करीब 6 बजे गांव के ही सिताराम, जयराम, जेवंती और देवी उनके घर आ गए। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर संतोष व उनकी पत्नी रामकुंवर के साथ मारपीट की, जिससे दोनों को चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सतना में कबड्डी का महाकुंभ, ज्योति ठाकुर टेक्निकल ऑफिशियल

**विदिशा।** 19 से 22 मार्च तक सतना में आयोजित होने वाले 5वें सीनियर कबड्डी फेडरेशन कप (महिला एवं पुरुष) की तैयारियां जोरों पर हैं। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपना कौशल दिखाएंगे। विदिशा के लिए गर्व की बात है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग में पदस्थ जिला कबड्डी प्रशिक्षक ज्योति ठाकुर का चयन टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत सहित पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव और अन्य कोचों ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### ग्राम विकास समितियों को क्षमता प्रशिक्षण दिया

**अहमदपुर।** पंचायत भवन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

---

भूमि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया रक्षा मंत्रालय स्तर पर आगे बढ़ रही

# जनपद के विकास में लगेंगे पंख, रक्षा विभाग की भूमि जल्द हस्तांतरित होगी: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल को गति मिली है। सांसद अनुराग शर्मा, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिलाधिकारी सत्यप्रकाश समन्वित एवं निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप ललितपुर शहर स्थित रक्षा विभाग की कुल 273.70 एकड़ भूमि को उत्तर प्रदेश सरकार को हस्तांतरित किए जाने की प्रक्रिया रक्षा मंत्रालय स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रही है।

इस महत्वपूर्ण प्रकरण में जिलाधिकारी ललितपुर द्वारा लगातार विभागीय स्तर पर पत्राचार, प्रस्ताव प्रेषण एवं आवश्यक औपचारिक कार्यवाही की जा रही है, जिससे प्रक्रिया को गति मिली है। जिलाधिकारी द्वारा किए जा रहे इन्हीं प्रयासों को और बल प्रदान करने के उद्देश्य से सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने लखनऊ में प्रधान निदेशक, रक्षा संपदा, मध्य कमान भावना सिंह से भेंट कर प्रकरण पर विस्तृत चर्चा की तथा जनहित में भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह किया। बैठक के दौरान रक्षा संपदा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि ललितपुर की रक्षा भूमि हस्तांतरण से संबंधित प्रस्ताव पर आवश्यक परीक्षण किया जा चुका है तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।

### प्रस्ताव पर परीक्षण किए जाने की पुष्टि की

इससे पूर्व सांसद अनुराग शर्मा द्वारा भी इस विषय को केंद्र स्तर पर लगातार उठाया गया, जिसके परिणामस्वरूप रक्षा संपदा अधिकारी, आगरा मंडल द्वारा प्रेषित पत्र में सांसद द्वारा किए गए पत्राचार का उल्लेख करते हुए प्रस्ताव पर विस्तृत परीक्षण किए जाने की पुष्टि की गई है। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार ललितपुर स्थित रक्षा विभाग की कुल 273.70 एकड़ भूमि विभिन्न स्थानों पर स्थित है, जिसमें से लगभग 64.63 एकड़ भूमि एयरपोर्ट परियोजना हेतु प्रस्तावित है। शेष भूमि को आवासीय विकास, नगर विस्तार, आधारभूत संरचना एवं सार्वजनिक सुविधाओं के लिए उपयोग में लाने का प्रस्ताव है। यह भूमि वर्तमान में कई भागों में विभाजित होने के कारण उपयोग में नहीं आ पा रही है, जबकि हस्तांतरण के पश्चात ललितपुर में सुनियोजित शहरी विकास, आवासीय योजनाएं, एयरपोर्ट निर्माण, सड़क एवं अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास को नई दिशा देने के लिए ललितपुर में बड़ी विकास योजनाओं का आना आवश्यक है। इस भूमि हस्तांतरण के लिए केंद्र स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

### विकास की दिशा में ऐतिहासिक सिद्ध होगा

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि जिलाधिकारी ललितपुर द्वारा विभागीय स्तर पर लगातार की जा रही कार्रवाई को आगे बढ़ाने एवं प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए लखनऊ में प्रधान निदेशक रक्षा संपदा से मुलाकात कर प्रकरण को प्राथमिकता से निस्तारित करने का अनुरोध किया गया है। यह प्रस्ताव ललितपुर के विकास की दिशा में ऐतिहासिक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग शर्मा के मार्गदर्शन, जिला प्रशासन के सतत प्रयास तथा राज्य व केंद्र सरकार के सहयोग से ललितपुर को जल्द ही एयरपोर्ट, आवासीय विकास योजना और आधुनिक नगर विस्तार की बड़ी सौगात मिलने जा रही है।

---

पुलिस का वारंटी पर अभियान

# 3 दिन में 42 वारंटी, अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद पुलिस ने वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए बीते तीन दिनों में कुल 42 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में की गई। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने सक्रियता दिखाते हुए लंबित मामलों में वांछित अभियुक्तों को दबोचा। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने सर्वाधिक 20 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनमें मुन्नी देवी, शोभारानी, अशोक, हन्नू, जयपाल, शिवराज, बसन्ता, राजेश, सोवरन, दयाली सहित अन्य शामिल हैं। इनके विरुद्ध चोरी, डकैती, मारपीट, धोखाधड़ी, घरेलू हिंसा व विद्युत अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं थाना तालबेहट पुलिस ने 5, महरौनी पुलिस ने 4, बानपुर पुलिस ने 3, बार थाना पुलिस ने 3, सौजना पुलिस ने 2, नाराहट पुलिस ने 2, जखौरा पुलिस ने 2 तथा पूराकलां पुलिस ने 1 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों पर भारतीय दंड संहिता, एनआई एक्ट, एक्साइज एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत मामले दर्ज थे। कई अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिन्हें विशेष अभियान के तहत पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

---

# अटल वयो अभ्युदय योजना, वरिष्ठ नागरिकों की जांच शिविर लगेंगे

**ललितपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इन कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत पंजीकृत पात्र गैर-सरकारी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं से प्रस्ताव मांगे गए हैं। मोतियाबिंद ऑपरेशन और स्वास्थ्य शिविर के लिए बजट आवंटित योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए बजट का निर्धारण किया गया है, जिसमें मोतियाबिंद ऑपरेशन के 50 पात्र वरिष्ठ नागरिकों के निशुल्क ऑपरेशन हेतु 2.50 लाख का बजट आवंटित है। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए 50 हजार की राशि निर्धारित की गई है। सामाजिक जुड़ाव एवं जागरूकता के लिए कुल 1.90 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें उत्पादक वृद्धावस्था हेतु 80 हजार, संवेदीकरण हेतु 50 हजार और अंतर-पीढ़ीगत जुड़ाव के लिए 60 हजार शामिल हैं। इच्छुक संस्थाएं अपने प्रस्ताव सभी आवश्यक प्रमाणपत्रों सहित 21 मार्च, 2026 को शाम 4 बजे तक जमा कर सकती हैं। आवेदन पत्र सीलबंद लिफाफे में स्वयं या पंजीकृत डाक के माध्यम से विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय (प्रथम तल, कमरा नंबर 12) में जमा किए जा सकते हैं। संस्थाओं का चयन जनपद स्तरीय वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा राज्य कार्ययोजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा।

---


हजारिया महादेव मंदिर चोरी कांड, 25 दिन बाद भी चोरों का सुराग नहीं

# मंदिर समिति ने नाराजगी जताई, पुलिस पर लग रहे प्रश्न चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जखौरा क्षेत्र के कस्बा बांसी स्थित प्रसिद्ध हजारिया महादेव मंदिर में लाखों रुपये के आभूषण और दानपेटी की नकदी चोरी होने की घटना को 20-25 दिन से अधिक समय बीत चुका है। हालांकि अब तक पुलिस को चोरों का सुराग नहीं मिल सका जनता तेज कार्रवाई की मांग कर रही।

बताया जा रहा है कि 20 फरवरी की रात चोर मंदिर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए थे और भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान, गणेश, कार्तिकेय, माता सीता व पार्वती की मूर्तियों से चांदी के मुकुट, चूड़ा सहित अन्य आभूषण चोरी कर लिए। इसके अलावा माता सीता और पार्वती की मूर्तियों के सोने के मंगलसूत्र भी चुरा लिए गए। चोर दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी भी ले गए थे। घटना की सूचना



मिलते ही सीओ सदर सुनील भारद्वाज व थाना जखौरा पुलिस मौके पर पहुंची थी। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए थे। 21 फरवरी को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले में सीओ सदर सुनील भारद्वाज का कहना है कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। मंदिर समिति अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि हम प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं और उम्मीद है कि जल्द ही चोरी का खुलासा होगा लेकिन देरी बढ़ती जा रही है। यदि आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा, लेकिन हमें विश्वास है कि पुलिस कार्रवाई करेगी। समिति कोषाध्यक्ष रवींद्र गुप्ता ने बताया कि जांच कई स्तरों पर चल रही है। यदि प्रशासन और तेजी दिखाए तो जल्द परिणाम सामने आ सकते हैं। हमें उम्मीद है कि चोर जल्द पकड़े जाएंगे। उपाध्यक्ष भैया लाल पुलैया ने कहा कि ज्ञापन देने के बाद भी अभी तक खुलासा नहीं हुआ है, जिससे लोगों में नाराजगी है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई जारी है पर अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया और श्रद्धालुओं को जल्द न्याय मिलने की उम्मीद में हो रही देरी है। पत्रकार राहुल सुमन ने कहा कि घटना को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक ठोस सुराग नहीं मिला है।

प्रशासन को और तेजी दिखाने की जरूरत है ताकि लोगों का भरोसा बना रहे। समिति ऑडिटर रोनू बुखारिया का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। यदि जांच में तेजी लाई जाए तो जल्द ही सफलता मिल सकती है। नरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमने जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया है और उम्मीद है कि उच्च अधिकारी इस मामले को प्राथमिकता देंगे और जल्द परिणाम सामने आएंगे। शैलेन्द्र पुरोहित शैलू ने कहा, श्रद्धालुओं में आक्रोश है, पुलिस से तेज कार्रवाई की उम्मीद है।

---

डूडा में भ्रष्टाचार का खेल, जिलाधिकारी को पत्र लिखा

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने खोला भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा, डीएम से शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय में फाइलों के अनुमोदन में चल रही कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला अब गरमा गया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला सहकारी बैंक की डायरेक्टर किरण सेन ने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कार्यालय में व्याप्त पिक एंड चूज की नीति और अवैध धन उगाही की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष किरण सेन ने अपने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि डूडा कार्यालय में फाइल अप्रूवल की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी नहीं है। क्षेत्र के कई पात्र लाभार्थियों ने उनसे शिकायत की है कि उनके आवेदन सभी मानक पूरे करने के बावजूद अनावश्यक रूप से लंबित रखे जा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कार्यालय द्वारा पिक एंड चूज (चयनित) तरीके से कुछ फाइलों को गुपचुप तरीके से आगे बढ़ा दिया जाता है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब लाभार्थी कार्यालय में पूछताछ करने जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि ऊपर लखनऊ से मना किया गया है। किरण सेन का कहना है कि इस संबंध में न तो कोई लिखित आदेश दिखाया जाता है और न ही कोई स्पष्ट कारण बताया जाता है। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि कई मामलों में अवैध रूप से धन लेकर फाइलों का अनुमोदन किया जा रहा है, जो शासन की मंशा के विपरीत है।

### इन मांगों पर अड़ी भाजपा नेत्री

जिला उपाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से इस प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए बिंदु रखे हैं कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। भ्रष्टाचार में संलिप्त दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो। पात्र लाभार्थियों की लंबित फाइलों का नियमनुसार शीघ्र निस्तारण किया जाए।

**इनका कहना है**

जन प्रतिनिधि होने के नाते जनता का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डूडा में फाइल दबाने और पैसे लेकर काम करने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिसे लेकर अब प्रशासन को अवगत कराया गया है।

किरण सेन, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा

---

# बेकाबू ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पटऊवा थाना पाली निवासी गोविन्द पुत्र हल्केने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दिनांक 10 मार्च को उनका पुत्र सौरभ, भाई मुकेश और पिता हल्के मोटरसाइकिल से झांसी से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह कैलगुवां तिराहा के पास पहुंचे, पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रहे लाल रंग के महिन्द्रा कंपनी के ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दो का इलाज जारी है। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

---

नपा के निर्माण में वित्तीय आरोप

# पार्षदों ने गुणवत्ता जांच तक भुगतान रोकने की मांग की

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के अंतर्गत कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों में घोर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। नगर के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने एकजुट होकर नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को मांग पत्र सौंपा है, जिसमें बिना बोर्ड की अनुमति के कराए गए कार्यों का भुगतान रोकने की मांग की गई है। पार्षदों द्वारा सौंपे गए पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि नगर में जो भी निर्माण कार्य कराए गए हैं, उनमें भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। पार्षदों का आरोप है कि कई कार्य ऐसे हैं जिनके लिए नगर पालिका बोर्ड की अनिवार्य अनुमति भी नहीं ली गई है। समस्त पार्षदों ने सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया है कि जब तक इन कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक इनसे संबंधित किसी भी प्रकार का भुगतान न किया जाए। पार्षद जानकी प्रसाद लालू मास्टर के नेतृत्व में दर्ज कराई गई इस शिकायत पर नगर के पार्षदों के हस्ताक्षर हैं। इनमें सोन सिंह (वार्ड-01), आर.के. पटेरिया (वार्ड-21), मनमोहन चौबे (वार्ड-15), रजनी रजक (वार्ड-06), मुस्तफा खान (वार्ड-16), पुष्पा अरविंद (वार्ड-04), फरजाना बानो (वार्ड-23 प्रथम), दीपा (वार्ड-12), पुष्पा (वार्ड-14), धर्मवीर कुशवाहा (वार्ड-25), सविता गिरधारी (वार्ड-13), जितेंद्र (वार्ड-07) सहित अन्य पार्षद शामिल हैं। पार्षदों की इस चेतावनी के बाद अब नगर पालिका प्रशासन के गलियारों में हड़कंप मच गया है।

---

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस

# मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने आज जांच शिविर लगेगा

**ललितपुर।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 20 मार्च को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के दंत चिकित्सा विभाग एवं पैथोलॉजी विभाग द्वारा एक विशेष मुख स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आम जनता को मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और रोगों की प्रारंभिक पहचान के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. मयंक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन दंत चिकित्सा विभाग में किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर के दौरान दंत चिकित्सा एवं पैथोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से दांतों एवं मुख के रोगों की पहचान और उचित परामर्श। मुख एवं दंत रोगों की रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी। कैंसर एवं कैंसर से पूर्व की स्थिति के लक्षणों की विशेष जांच। आवश्यकतानुसार मुख के नमूनों की ब्रश साइटोलॉजी द्वारा जांच। दंत चिकित्सा विभागाध्यक्ष डा.प्रियंका गुवरैले ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को निम्नलिखित समस्याएं हैं, तो उन्हें इस शिविर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए, जिनमें मुंह में लाल या सफेद धब्बे होना। लंबे समय से न भरने वाला कोई घाव। मुंह खुलने में कमी आना। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. श्रुति सिंह ने जानकारी दी कि संदिग्ध लक्षणों वाले मरीजों के नमूनों की गहन जांच की जाएगी। प्रधानाचार्य ने कहा, जांच कराएं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

---

एसपी ने निरीक्षण किया, चौकीदार नाथूराम को सम्मानित किया

# सुरक्षा व्यवस्था, रजिस्टरों, साइबर सेल व मिशन शक्ति केंद्र की जांच कर सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने गुरुवार को कोतवाली सदर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लेते हुए कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत गार्द द्वारा सलामी देने से हुई, जिसके बाद एसपी ने गार्द का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को परखा। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, बैरक सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान थाना के विभिन्न महत्वपूर्ण रजिस्टरों—एनसीआर, टॉप-10, महिला उत्पीडऩ, भूमाफिया, त्यौहार रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की गई, जो अद्यतन एवं संतोषजनक पाए गए। एसपी ने हिस्ट्रीशीटरों की नियमित चेकिंग, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई तथा गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। ई-मालखाना और शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए शस्त्रों की नियमित सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं साइबर हेल्प डेस्क पर धोखाधड़ी से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई, बैंक खातों को डेबिट फ्रीज कराने और पीड़ितों की धनराशि वापस दिलाने के लिए समन्वय बढ़ाने को कहा गया। मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण करते हुए महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही एंटी रोमियो टीम की नियमित मॉनिटरिंग और पीड़िताओं की समुचित काउंसिलिंग के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने ग्राम बुढ़वार के चौकीदार नाथूराम को क्षेत्र की सटीक जानकारी एवं अपराध संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए 2 हजार रुपये की नगद धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जिससे अन्य कर्मियों को भी प्रेरणा मिली। इसके अलावा लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध गतिविधियों पर अंकुश तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग अवस्थी, उपनिरीक्षक राम प्रकाश सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिले के छोटे-छोटे शहरों में बन गए बाईपास, पर राजगढ़ मुख्यालय अभी भी तरस रहा

# आखिरकार कब तक नरबलि लेगा राजगढ़ के बीच से निकला बाईपास ?

**राजधानी दिल्ली में अटकी दो स्वीकृत मार्गों की फाइलें, राशि पूर्व से स्वीकृत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ शहर के बीचों-बीच से निकल रहे बाईपास पर आए दिन दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। दो दिन पूर्व ही स्थानीय दरगाह के सामने अचानक रफ्तार पकड़े एक डंपर ने एक छात्रा को ऐसा कुचल दिया कि उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं साथ की दूसरी छात्रा अभी भी जिंदगी और मौत से लड़ रही है।

इसके साथ बीते एक दो वर्ष के दौरान घनी आबादी और यातायात के बीच से निकल रहे इस बाईपास पर दर्जनों एक्सीडेंट के मामले सामने आ चुके हैं। ब्यावरा, खिलचीपुर, सारंगपुर जैसे तहसील मुख्यालयों के हाईवे के बाईपासों का निर्माण करवा दिया गया है लेकिन जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां का बाईपास अभी तक शहरी सीमा के अंदर से ही निकल रहा है। जबकि, पीडब्ल्यूडी विभाग की एनएच विंग नवीन बाईपास निर्माण के लिए करीब 400 करोड़ की राशि स्वीकृति भी कर चुकी है। चूंकि मामला देश की राजधानी दिल्ली में अटका हुआ है इसलिए राजगढ़ के आमजनों द्वारा क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर से मांग की जा रही है कि इस पेंडिंग मसले को प्राथमिकता में लेकर दिल्ली से स्वीकृत करवाएं।





पूर्व से स्वीकृत है 400 करोड़ का बजट, लेकिन सिर्फ स्वीकृति का इंतजार

**भोपाल से स्वीकृत होकर दिल्ली में अटकी राजगढ़ बाईपास की फाईलें**

### इन दो रूटों में से कोई एक होना है तय, जो दिल्ली में अटका

नवीन बाईपास निर्माण के लिए जहां 400 करोड़ के लगभग की राशि तो स्वीकृत हो चुकी है लेकिन तय किए गए दो रूटों में से किस रूट पर बाईपास का निर्माण किया जाए इस बारे में मामला अधर में लटका हुआ है। बाईपास निर्माण के लिए खोयरी रूट वाला आप्शन-1 तो कैंसिल किया जा चुका है। दूसरे ऑप्शन वाले बाईपास की लंबाई 9.5 किमी है जो प्रतापगढ़, रघुनाथगढ़, भगवतिपुर, जुगलपुरा, हरजीपुरा, देवझिरी वाला है। वहीं तीसरे रूट ऑप्शन वाला बाईपास करीब 15 किमी लंबाई वाला है जो रामपुरा, कालीतलाई, मढापुरा, पीपल्या पाटनकला, गोवर्धनुपरा, मोरपीपली, हरजीपुरा, जोगीपुरा, फतेहपुर वाला है।

### जनप्रतिनिधि भी नहीं दिखा रहे रुचि

राजगढ़ शहर के आम नागरिक जहां बाईपास के शीघ्र निर्माण की मांग कर रहे हैं वहीं जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते प्रशासनिक अधिकारी भी मौन साधे बैठे हैं और बाईपास की फाइलें दिल्ली मंत्रालय में धूल खा रही हैं। कांग्रेस के जनप्रतिनिधि अलबत्ता मामले को समय-समय पर उठा रहे हैं लेकिन विपक्ष में होने के चलते उनकी बात को कोई तवज्जो ही नहीं दी जा रही है।

### प्रयास में लगा हूं...

पूरे प्रयास में लगा हूं। राजगढ़ बाईपास के लिए विगत दिनों ही केंद्रीय मंत्री से बात हुई है। कुछ तकनीकी दिक्कतें हैं। कल राजगढ़ तक ट्रेन आ रही गई। जल्द बाईपास के भी दोनों मार्गों में से एक की स्वाकृति आने वाली है।

**रोडमल नागर, सांसद लोकसभा क्षेत्र, राजगढ़**

### *दो रूट राजगढ़ से फाइनल कर भेजे गए थे दिल्ली*

*18 सितंबर 2024 पीडब्ल्यूडी एनएच विंग के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की एक बैठक बाईपास का रूट फाइनल करने हुई थी। इस बैठक में खोयरी महादेव वाला रूट पूरी तरह कैंसिल किया जा चुका था क्योंकि वहां 80 फीसदी से अधिक वन्य क्षेत्र है। इसमें में बाकी के 2 अन्य रूटों में से किसी एक को फाइनल करने हेतु प्रक्रिया करीब दो साल से विचाराधीन चल रही है और मामले की फाइलें लोक निर्माण विभाग भोपाल की एनएच विंग या एनएच के दिल्ली मंत्रालय में धूल खा रही हैं।*

### गेहूं के उचित दाम की मांग कर रहा किसान महाशक्ति संघटन

# अधिकारी लेने नहीं आए तो किसानों ने गधे को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति द्वारा आयोजित किसान पंचायत में प्रशासनिक उदासीनता का अनोखा विरोध देखने को मिला। अधिकारियों के इंतजार में बैठे किसानों का ज्ञापन जब कोई प्रशासनिक अधिकारी लेने नहीं पहुंचा, तो किसानों के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से एक गधे को ज्ञापन सौंपकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। यह किसान पंचायत शहर के श्री अंजनी लाल मंदिर परिसर में आयोजित की गई थी।

किसानों ने वर्तमान कृषि व्यवस्थाओं और प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही अनदेखी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। पंचायत के दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को सूचना दी गई थी, लेकिन कोई भी अधिकारी ज्ञापन लेने मौके पर नहीं पहुंचा। अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज किसानों ने विरोध स्वरूप मौके पर मौजूद एक गधे को ही ज्ञापन सौंप दिया। इस घटना ने प्रशासन की कार्यशैली और किसानों के प्रति उदासीनता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### आरोप, फसलों के नहीं मिल रहे उचित दाम

किसान पंचायत को संबोधित करते हुए संघटन प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी ने कहा कि किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर कई बार प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया है, लेकिन उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसान अन्नदाता है, लेकिन उसे अपनी फसल का मूल्य तय करने का अधिकार नहीं है, जो उनके साथ अन्याय है। इस अवसर पर संगठन मंत्री केसर सिंह गुर्जर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भगवान सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धन तंवर, गुना जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, जिला महामंत्री शिव सिंह पटेल (बहादुरपुर) और कमल सिंह बना सहित कई किसान पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### पितरों की आत्मशांति के लिए किया सामूहिक पूजन-तर्पण

# भूतड़ी अमावस्या पर कालसिंध में लगाई आस्था की डुबकियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

चैत्र मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या जिसे भूतड़ी अमावस्या भी कहा जाता है, के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध तीर्थ कपिलेश्वर तीर्थ में पवित्र कालीसिंध नदी घाट पर हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह 5 बजे से ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने कालीसिंध नदी में आस्था की डुबकी लगाई और पितरों की शांति के लिए तर्पण व पूजन किया। कालीसिंध नदी घाट पर स्नान का सिलसिला सुबह से प्रारंभ होकर शाम तक चलता रहा दिन भर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद बाबा कपिलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने खेडापती हनुमान एवं नवग्रह देवताओं की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देकर पुण्य अर्जित किया गया। पंडित कैलाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र मास की भूतड़ी अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस दिन पितृ लोक के द्वार खुलते हैं और पूर्वज अपने परिजनों को आशीर्वाद देने पृथ्वी पर आते हैं। इस तिथि पर किए गए तर्पण और कर्मकांड से पितृ दोष शांत होते हैं तथा घर-परिवार में शांति और समृद्धि आती है।

### पितरों की आत्मशांति के लिए विशेष है यह अमावस्या

इस अमावस्या को भूतड़ी इसलिए कहा जाता है क्योंकि इस दिन सूक्ष्म और अदृश्य शक्तियों का प्रभाव भी अधिक माना जाता है। हालांकि, इसका प्रमुख उद्देश्य पितरों का स्मरण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना ही है। कपिलेश्वर तीर्थ धाम पुजारी संतोष पुरी गोस्वामी ने जानकारी दी कि सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने विधि-विधान से स्नान कर भगवान का पूजन किया और अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### तीन साल से थाने के चक्कर काट रही थी महिला

# छेड़खानी के अभियुक्त पटवारी पर एक ओर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



जाति प्रमाणपत्र बनवाते समय की थी महिला से छेड़छाड़ का आरोप, नहीं बना जाति प्रमाणपत्र

**नाबालिग के अश्लील वीडियो के बाद अब पटवारी का दूसरा मामला भी आया सामने**

दुष्कर्मी महेश पटवारी की शिकायत लेकर थाने पहुंची एक और दलित पीड़ित महिला

3 वर्ष बीतने के बाद भी महिला की शिकायत पर आज तक नहीं हुई एफआईआर दर्ज

क्षेत्र के पटवारी जो पूर्व से नाबालिग बालिका का वीडियो बनाने के अपराध में अभी कुछ दिनों पहले ही जेल से आए हैं उन पर खिलचीपुर थाने में एक ओर मामला दर्ज हुआ है। बतादें कि यह पटवारी महेश पटवारी पूर्व से शासकीय सेवा से निलंबित किए जा चुके हैं। इन्हीं पटवारी साहू पर बुधवार को छेड़खानी व एससी/एसटी एक्ट का एक ओर मामला दर्ज किया गया है।

पीड़ित दलित महिला नीता वंशकार महेश पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाते समय हुई छेड़खानी की शिकायत को लेकर विगत 3 वर्षों से थाने के चक्कर लगा रही थी। यही नहीं एसपी कार्यालय, एसडीओपी कार्यालय, 181 पर कंप्लेंट दर्ज करने के बावजूद भी खिलचीपुर थाने में पटवारी महेश के रसूख के चलते कार्यवाही नहीं हो सकी थी। हरिभूमि ने भी इस मामले को प्रमुखता से उजागर किया था। इसके बाद उच्चाधिकारियों के संज्ञान उपरान्त खिलचीपुर थाने में अब संबंधित पटवारी साहू पर बीएनएस की धाराओं व एससी/एसटी एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# हार्वेस्टर संचालकों को नरवाई के संबंध में दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जिले में खेतों में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को सारंगपुर थाने में हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि हार्वेस्टर संचालक जब भी किसी किसान के खेत में गेहूं की कटाई करें, उसकी जानकारी संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि कटाई के दौरान स्ट्रारीपर (भूसा बनाने वाली मशीन) का उपयोग कर अवशेषों को भूसे में बदला जाए, ताकि नरवाई जलाने की नौबत न आए। अधिकारियों ने जागरूकता अभियान के तहत संचालकों को किसानों को समझाइश देने के निर्देश भी दिए। किसानों को बताया जाए कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा इससे आगजनी की घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। बैठक में वरिष्ठ कृषि अधिकारी राजेश राजपूत, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, पटवारी शहजाद खान, कृषि विस्तार अधिकारी राकेश परमार संजय पाटीदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आदेश के उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

# पशु चारे के निर्यात पर राजगढ़ कलेक्टर ने लगाया पूर्णतः प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर के आदेश पर पशु चिकित्सा विभाग ने अहम निर्देश जारी किए हैं। दरअसल, जिले में रबी फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसके उपरांत चारे भूसे की उपलब्धता पशुधन के लिए बनाये रखना आवश्यक है। ऐसे में राज्य के जिलों को छोड़कर अन्य राज्यों के जिलों में भूसे के परिवहन तथा ईंट भट्टों के ईंधन के रूप में चारे भूसे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के अनुसार जिले में पशुधन के लिए चारे की उपलब्धता आवश्यक है। यदि राजगढ़ जिले की सीमा के बाहर जिले से पशु चारा निर्यात प्रतिबंधित नहीं किया जाता है तो जिले में पशुधन के लिए चारा की कमी होगी, तथा चारा के बाजार मूल्य में अधिक वृद्धि होना संभावित है।

ऐसी स्थिति में पशुओं का चारे के बिना भूखे रहने की स्थिति निर्मित हो सकती है। ऐसे में जिलाधीश ने समस्त प्रकार के चारे, घास, भूसा एवं पशुओं के द्वारा खाये जाने वाले अन्य किस्म के चारे पर राजगढ़ जिले की राजस्व सीमा के बाहर निर्यात पर 30 जून 2026 तक के लिए प्रतिबंध लगाया है।



### *यह भी लिखा है आदेश में*

*साथ ही कोई भी कृषक, व्यापारी, व्यक्ति निर्यातक उपरोक्त क्रम में से किसी भी प्रकार के पशु चारे का किसी भी वाहन, मोटर, रेल, यान, नाव अथवा पैदल जिले के बाहर कलेक्टर के अनुज्ञा पत्र के निर्यात नहीं करेगा। शासकीय उपयोग के लिये भूसा एवं पशु चारे का परिवहन संबंधित अनुभागों के एसडीएम की अनुमति अनिवार्य होगी। आदेश का उल्लंघन होने पर मध्यप्रदेश पशु चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 के निहित प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।*

### ताकि ब्यावरा के अपराधों पर रखा जा सके नियंत्रण



# सीसीटीवी कैमरे लगवाने केमिस्ट एसोसिएशन ने सौंपी सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

केमिस्ट एसोसिएशन ब्यावरा की तरफ से शहर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ को आपस में एकत्रित की गई सहयोग राशि जनहितार्थ सौंपी गई है। सभी कैमिस्टों (दवा विक्रेताओं) ने करीब 51 हजार 5400 रुपए सीसीटीवी हेतु पुलिस, प्रशासन को सौंपे। इस सहयोग का मुख्य उद्धेश्य ब्यावरा नगर में हो रही घटनाओं यथा चोरी, मारपीट, छेड़खानी जैसे अन्य अपराधों की त्वरित पड़ताल करना है। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक मोहन गुप्ता, अध्यक्ष आशीष गुप्ता, सचिव अंकुश गुप्ता, जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, सुरेश चंद्रवंशी सहित अन्य दवा विक्रेता उपस्थित रहे।


### खिलचीपुर-राजगढ़ के मध्य रेलवे टेक की हुई फाइनल चेकिंग

# साकार हुई कल्पना, राजगढ़ पहुंची सपनों की छुक-छुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ में रेल देखने का सपना लेकर अनेकों लोग शायद अब इस दुनिया में ही नहीं बचे हैं, परन्तु करीब 35 वर्ष पुराने रामगंज-मंडी भोपाल रेल प्रोजेक्ट आगामी वर्षों में पूर्ण होने की उम्मीद अब जाग उठी है। गत वर्ष पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा जहां राजस्थान सीमा के बाद जिले के खिलचीपुर तक के टेक का फाइनल निरीक्षण किया जा चुका था। वहीं बुधवार को रेलवे संरक्षा अधिकारी ने खिलचीपुर से राजगढ़ टेक की मजबूती सहित सुरक्षा से जुड़े अन्य मापदंड जांचने परखने दोनों स्टेशनों के बीच का पहले ट्रॉली एवं इसके उपरान्त टेन से निरीक्षण किया।

बताया जा रहा है कि रेलवे संरक्षा अधिकारी द्वारा इस निरीक्षण के उपरान्त अपनी फाइनल रिपोर्ट तैयार करके रेलवे मंत्रालय को सौंपी जाएगी उसी के बाद यह निश्चित होगा कि कब रूटीन टेन चलेगी। यहां आपको यह भी बतादें कि इसी तरह का निरीक्षण रेलवे के अधिकारियों द्वारा खिलचीपुर तक के टेक का भी पूर्व में किया जा चुका है लेकिन आज तक कोई रूटीन यात्री टेन रामगंजमंडी से सीधे खिलचीपुर तक शुरू नहीं की गई है।



### राजगढ़वासी रहे उत्साहित

चूंकि, राजगढ़ नगरवासियों इस प्रोजेक्ट के तहत नगर की सीमा में रेल आने का सालों से इंतजार कर रहे थे ऐसे में जैसे ही यह टेन राजगढ़ पहुंची तो अनेकों लोग टेन के सम्मुख रील बनाने, उसे देखने में लग गए। आलम यह रहा कि पुलिस को लोगों को मुख्य टेक और स्टेशन के आसपास से हटाने मजबूर होना पड़ा।

### *सारांश में जाने यह पूरा प्रोजेक्ट*

*रामगंजमंडी से भोपाल तक के इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 3 हजार 500 करोड़ रुपए है जो 276 किमी लंबाई का है। आज से 26 वर्ष पहले साल 2000 में प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई थी तब लागत कम थी लेकिन समय-समय रुकी परियोजना ने प्रोजेक्ट की लागत को चार गुने से अधिक पहुंचा दिया।*

# प्रभात फेरी के दौरान बालक के प्रदर्शन ने किया मंत्रमुग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में प्रातः प्रतिदिन निकलने वाली प्रभात फेरी एक धार्मिक आस्था और पवित्र परंपरा की अनोखी मिसाल बनती जा रही है, जो धार्मिक श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं धर्म के प्रति प्रेरित कर रही हैं।

एक ओर जहां धर्म की ओर प्रेरित करतीं हैं, वहीं शारीरिक रूप से प्रातः जल्दी जगाने का काम कर रही है। यह न केवल ईश्वर के नाम का संकीर्तन है, बल्कि शहर के वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर देने का एक प्रयास माना जा रहा है। प्रभात फेरी में महिला पुरुष हरि के गुणगान में पैदल चलते हैं तथा वहीं इस प्रभात फेरी में एक बालक जो बेहतरीन ढोलक बजा कर अपनी कला का प्रदर्शन करता आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहता है। खेलने कूदने की उम्र में भी प्रभु के प्रति आस्था का नजारा एक अच्छे माता-पिता के द्वारा दिए संस्कारों को प्रदर्शित करता है।